लोक निर्माण विभाग में **MIS** कार्यों तथा वर्ल्ड बैंक/ए0डी0बी0 वित्त पोषित आपदा कार्यों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु **In house Web Portal** विकसित किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित पोर्टल के **Presentation** हेतु सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 09.10.2020 को पूर्वान्ह 10:00 बजे आहूत बैठक का कार्यवृत्त

बैठक की उपस्थितिः–

1. श्री अमित सिन्हा, निदेशक, आई0आर0डी0टी0, आई0टी0 पार्क, देहरादून।
2. श्री श्याम सिंह, संयुक्त सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. श्री हरिओम शर्मा, प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. श्री नारायणन, वरिष्ठ सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, देहरादून।
5. श्री संजय गुप्ता, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, देहरादून
6. श्री जी0एस0 पांगती, मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
7. श्री मनोज बिष्ट, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।

बैठक में राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), देहरादून के अधिकारियों द्वारा PPMS पोर्टल का प्रस्तुतीकरण सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

2– राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित पोर्टल के Monitoring of Projects, salient features of software, progress monitoring, reporting period of closer monitoring, comparative performance, sub projects and individual works, 3 level hierarching of project (project, sub project and works), project actors Head office, allocation of project funds and financial progress monitoring, updation of physical progress, inspection of project periodal, public grievance, implementation plan आदि बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

3– उक्तानुसार प्रस्तुतीकरण के पश्चात प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि वर्तमान में लोक निर्माण विभाग का अपना पोर्टल/सॉफ्टवेयर है। NIC के उक्त पोर्टल तथा लोक निर्माण विभाग के वर्तमान में लागू पोर्टल/सॉफ्टवेयर में काफी समानतायें हैं तथा कुछ बिन्दुओं पर PPMS पोर्टल विभाग के लिए उपयोगी हो सकता है। बैठक में हुए विचार–विमर्शोपरान्त सचिव, लोक निर्माण विभाग द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः–

(i) उक्त पोर्टल की व्यवहारिकता एवं उपयोगिता के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग से प्रतिपुष्टि (Feedback) प्राप्त करेंगे।

(कार्यवाही–लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)

(ii) राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), देहरादून के अधिकारी दिनांक 14.10.2020 को प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में वर्तमान में कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग के पोर्टल/सॉफ्टवेयर का निरीक्षण करेंगे।

(कार्यवाही–राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग)

(iii) लोक निर्माण विभाग के वर्तमान पोर्टल तथा NIC के प्रस्तुतीकरण (PPMS) में से विभागीय दृष्टिकोण से व्यवहारिक, आवश्यक एवं उपयोगी पोर्टल के सम्बन्ध में प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग स्वयं अनुश्रवण करते हुए तुलनात्मक आख्या 15 दिवस में शासन को उपलब्ध करायेंगे।

(कार्यवाही–प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड)

(iv) विभाग की प्रत्येक कार्यवाही को IT Platform के आधार पर कियाशील किये जाने हेतु प्रमुख अभियन्ता, India Enterprise Architecture को लोक निर्माण विभाग में लागू किये जाने की संभावनाओं का परीक्षण कर एक माह के अन्दर अपनी आख्या उपलब्ध करायेंगे।

अन्त में धन्यवाद व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त हुई।

(दिनेश कुमार पुनेठा)
अनु सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
लोक निर्माण अनुभाग–03
संख्या–1224 /III(3)/2020-11(सामान्य)2020
देहरादून : दिनांक 15अक्टूबर, 2020

संख्या–1224(1)/III(3)/2020–11(सामान्य)2020 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, आई0टी0डी0ए0, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
2. संयुक्त सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. वरिष्ठ सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (SIO, NIC) सचिवालय परिसर, देहरादून।
5. अनुभाग अधिकारी, लोक निर्माण अनुभाग–01/02, उत्तराखण्ड शासन।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिनेश कुमार पुनेठा)
अनु सचिव।